कार्यालय जिलाधिकारी, अमरोहा

पत्रांक- 1214/एल.बी.सी./नियुक्ति/2016-17 दिनांक 25.07.2016

विज्ञप्ति

संविदा सफाई कर्मचारियों के चयन हेतु आवश्यक सूचना

सचिव नगर विकास अनुभाग-1, उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या 5417/9-1-15-185 सा/10 टी.सी. दिनांक 21.12.2015 के क्रम में संशोधित शासनादेश संख्या- 2021/9-1-16-185 सा/10 टी.सी. दिनांक 04.07.2016 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार निकायों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निम्नानुसार निकायों में सफाई कार्मिकों की संविदा भर्ती/नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निम्न प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, रिक्तियों का विवरण निम्नवत है, रिक्त पदों की संख्या को घटाया व बढ़ाया जा सकता है। :-

क्र. सं.	निकाय का नाम	रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण				
		भर्ती योग्य कुल रिक्त पद	अनु० जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु० जन जाति	अनारक्षित
01	02	03	04	05	06	07
01	न०पा०प० अमरोहा	123	26	34	02	61
02	न०पा०प० हसनपुर	78	16	22	01	39
03	न०पा०प० धनौरा	21	05	06	0	10
04	न०पा०प० बछरायूँ	38	08	11	0	19
05	न०पा०प० गजरौला	60	13	16	01	30
06	नगर पंचायत जोया	19	04	06	0	09
07	नगर पंचायत नौगावां सादात	59	13	16	01	29
08	नगर पंचायत उझारी	32	07	09	0	16

नोट :- **पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।**

01. आवेदनकर्ता का साक्षर होना अनिवार्य है।
02. संविदा सफाई कार्मिकों को निर्धारित संविदा धनराशि (सम्बंधित पद का अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों को समय-समय पर देय मंहगाई भत्ते के समान धनराशि) अनुमन्य कराया जायेगा।
03. आवेदन पत्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक से **सम्बंधित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत के कार्यालय में** दिनांक 26.07.2016 से 05.08.2016 सायं 05.00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिए। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। विभाग डाक प्रेषण में खोने या किसी प्रकार के विलम्ब हेतु उत्तरादायी नहीं होगा।
04. आवेदन हेतु लिफाफे पर संबंधित निकाय का नाम अवश्य अंकित होना चाहिए, जिस निकाय में आवेदक आवेदन करना चाहता है।
05. आवेदन करने के लिए दिनांक 01.07.2016 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष है। इसके अतिरिक्त समय-समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी शासनादेश के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी। तथा समय-समय पर जारी शासदेशों के अनुसार आरक्षण भी लागू होगा।
06. निकाय में पहले से संविदा वेतन पर नियुक्त अथवा ठेकेदारों के माध्यम से संविदा पर कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मैनुवल स्कैवेंन्जर को भी निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर इस भर्ती में वरीयता दी जायेगी।
07. संविदा सफाई कार्मिकों की सेवायें संतोषजनक नहीं पायें जाने पर उनकी संविदा सेवायें समाप्त की जा सकेंगी।
08. यह नियुक्ति पूर्णतया सफाई के उद्देश्य के अधीन संविदा पर है। संविदा पर रखें जाने वाले सफाई कार्मिकों का चयन गठित समिति द्वारा किया जायेगा। इस नियुक्ति के आधार पर राज्य सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति पाने का कोई दाया मान्य नहीं होगा। नियुक्ति संविदा कर्मी पर राज्य सरकार के कर्मचारी की तरह प्रभावी गवर्मेन्ट कन्डेक्ट रूल लागू नहीं होगा।
09. **महत्वपूर्ण निर्देश :-**
   1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप ए-4 कागज पर कम्प्यूटर से टाईप होना अनिवार्य है। विज्ञप्ति की फोटो स्टेट/हस्तलिखित आवेदन पत्र, अपूर्ण, अहस्ताक्षरित, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित प्रारूप पर न होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदन कर्ता की होगी।
   2. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि की स्वः प्रमाणित छाया प्रतियाँ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायें।
   3. आवेदन पत्र के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, पता लिखे दो लिफाफे, जिस पर अंकन 25.00-25.00 रूपये के डाक टिकट लगे हों, संलग्न किये जाने चाहिए।

जिलाधिकारी
अमरोहा

आवेदन पत्र का प्रारूप

संविदा सफाई कर्मी की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र निकाय का नाम..............

01. नाम : ....
02. पिता/माता का नाम : ....
03. पत्र व्यवहार का पता : ....
    मोबाइल संख्या -
04. स्थाई पता : ....
05. जाति : ....
06. जन्म तिथि : .... (शैक्षिक प्रमाण पत्र के अनुसार)
07. आवेदन की तिथि को आयु : ....वर्ष ....माह .... दिन ....
08. शैक्षिक योग्यता :-

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो (स्वः प्रमाणित)

क्र.सं.	शैक्षिक योग्यता	बोर्ड/विश्व०	उत्तीर्ण वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
	साक्षर					

09. अनुभव प्रमाण पत्र- यदि कोई हो ....

एतद्द्वारा मैं .... घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त समस्त सूचनायें एवं संलग्न सभी अभिलेख मेरी जानकारी में सही हैं। मेरे द्वारा दी गई कोई सूचना किसी स्तर पर गलत/असत्य पाई जाये तो मेरा आवेदन / नियुक्ति निरस्त कर दी जाये। मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ लिया है और वह मुझे उसी प्रकार मान्य हैं।

संलग्नकों की संख्या .... अभ्यर्थी के पठनीय हस्ताक्षर ....
संलग्नों का विवरण .... नाम ....
दिनांक .... पता ....
मोबाइल नम्बर ....

नोट :- आवेदक को समस्त प्रमाण पत्र मूल रूप से चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।